Need to include Bhiwandi in smart city project-Laid

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे **(भिवंडी) :**मेरा संसदीय क्षेत्र भिवंडी लोक सभा न केवल कपड़ा उद्योग का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, बल्कि यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का भी एक प्रमुख हिस्सा है । यह शहर तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद आधारभूत संरचनाओं, जैसे सड़क, पानी, सीवेज व्यवस्था, और डिजिटल कनेक्टिविटी में अभी भी बड़ी कमियां हैं । सरकार द्वारा चलाई जा रही स्मार्ट सिटी परियोजनाएं शहरी विकास और प्रगति के लिए एक मील का पत्थर हैं। लेकिन, दुर्भाग्यवश भिवंडी को इस परियोजना में अब तक शामिल नहीं किया गया है । भिवंडी जैसे शहर, जो औद्योगिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, स्मार्ट सिटी परियोजना का हिस्सा बनने के पूरी तरह योग्य हैं । भिवंडी को स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से जोड़ने से यहाँ की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, जो लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने के साथ-साथ यहाँ के औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा । यह क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा । अतः मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि भिवंडी को स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में शामिल करने पर विचार करे और इसके विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए ।